भारत सरकार

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय

(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 1181

उत्तर देने की तारीख 28 जुलाई, 2025

6 श्रावण, 1947 (शक)

महाराष्ट्र में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेलो इंडिया केंद्रों की स्थापना

+1181. श्री भास्कर मुरलीधर भगरे :
डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे:
श्री संजय दिना पाटील:
श्रीमती सुप्रिया सुले:
श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील :
प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) महाराष्ट्र में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत स्थापित खेलो इंडिया केंद्रों (केआईसी) की कुल संख्या कितनी है;

(ख) इन केंद्रों की स्थापना का वर्ष और समर्थित खेल विधा के प्रकार का जिलावार ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या उक्त राज्य में, विशेषकर आदिवासी या आकांक्षी जिलों में, कोई नए केआईसी स्थापित करने का प्रस्ताव है;

(घ) विगत तीन वर्षों के दौरान महाराष्ट्र से खेलो इंडिया योजना के प्रतिभा पहचान घटक के अंतर्गत चिह्नित युवा एथलीटों की संख्या कितनी है;

(ङ) इस अवधि के दौरान उक्त राज्य में कितने एथलीटों को प्रशिक्षण, कोचिंग और वित्तीय सहायता प्रदान की गई है;

(च) खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स (केआईयूजी) और खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) में महाराष्ट्र के एथलीटों के आयोजन और भागीदारी में क्या प्रगति हुई है; और

(छ) विगत तीन वर्षों के दौरान केआईयूजी और केआईएसजी के प्रत्येक संस्करण में भाग लेने वाले महाराष्ट्र के एथलीटों की संख्या कितनी है?

उत्तर
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) और (ख) **:** महाराष्ट्र राज्य में कुल 43 खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) अधिसूचित किए गए हैं। महाराष्ट्र राज्य सहित देश भर में अधिसूचित केआईसी के संबंध में जिलेवार विवरण और शामिल

की गई विधाएं मंत्रालय के डैशबोर्ड https://dashboard.kheloindia.gov.in/state-wise-khelo-india-centers पर पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं।

(ग) राज्य से प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर केआईसी अधिसूचित किए जाते हैं। महाराष्ट्र राज्य से नए केआईसी खोलने का कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है।

(घ) और (ङ) : पिछले तीन वर्ष के दौरान खेलो इंडिया स्कीम के तहत महाराष्ट्र से पहचाने गए खेलो इंडिया एथलीटों (केआईए) की संख्या, जिन्हें प्रशिक्षण, कोचिंग और वित्तीय सहायता प्रदान की गई है, निम्नानुसार है:

2022-23	2023-24	2024-25
365	347	325

(च) महाराष्ट्र ने खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स (केआईयूजी) और खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) दोनों में उल्लेखनीय प्रगति और मजबूत भागीदारी दिखाई है। खेलो इंडिया यूथ गेम्स (केआईवाईजी) में, जो कि बड़ी खेलो इंडिया पहल का हिस्सा है, महाराष्ट्र ने लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। सातवें केआईवाईजी (पटना, बिहार) में, महाराष्ट्र कुल 158 पदक (58 स्वर्ण, 47 रजत, 53 कांस्य) के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर रहा। उन्होंने पहले 2023 (मध्य प्रदेश) और 2024 (तमिलनाडु) में जीत हासिल की थी, जिससे यह जीत की हैट्रिक बन गई है। इसके साथ ही, महाराष्ट्र के विश्वविद्यालयों जिनमें सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय, शिवाजी विश्वविद्यालय, मुंबई विश्वविद्यालय, राष्ट्रसंत तुकड़ोजी महाराज नागपुर विश्वविद्यालय, पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होल्कर सोलापुर विश्वविद्यालय, सोलापुर, भारती विद्यापीठ विश्वविद्यालय (एमएच), डॉ. बाबासाहेब अंबेडकर मराठवाडा विश्वविद्यालय शामिल हैं, केआईयूजी के चौथे संस्करण में सक्रिय रूप से भाग लिया। सभी खेलो इंडिया गेम्स की पदक तालिका https://dashboard.kheloindia.gov.in पर उपलब्ध है।

(छ) खेलो इंडिया स्कूल/यूथ गेम्स और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स के प्रत्येक संस्करण में महाराष्ट्र राज्य के एथलीटों की संख्या अनुबंध-I में दी गई है।

****

अनुबंध - I

माननीय लोक सभा सदस्यों श्री भास्कर मुरलीधर भगरे, डॉ. अमोल रामसिंग कोल्हे, श्री संजय दिना पाटील, श्रीमती सुप्रिया सुले, श्री धैर्यशील राजसिंह मोहिते पाटील और प्रो. वर्षा एकनाथ गायकवाड़ द्वारा "महाराष्ट्र में खेलो इंडिया योजना के अंतर्गत खेलो इंडिया केंद्रों की स्थापना" के संबंध में पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1181 के भाग (च) और (छ) जिसका उत्तर 28.07.2025 को दिया जाएगा के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

खेलो इंडिया स्कूल/यूथ गेम्स और खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स के प्रत्येक संस्करण में महाराष्ट्र राज्य के एथलीटों की संख्या

क्र. सं.	**स्पर्धा का नाम**	**मेजबान राज्य**	**महाराष्ट्र से एथलीटों की संख्या**
1.	खेलो इंडिया स्कूल गेम्स, 2018	नई दिल्ली	354
2.	खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2019	महाराष्ट्र	750
3.	खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2020	असम	568
4.	खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2021	हरियाणा	367
5.	खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2022	मध्य प्रदेश	361
6.	खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2023	तमिलनाडु	375
7.	खेलो इंडिया यूथ गेम्स, 2025	बिहार	442
8.	खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2020	ओडिशा	310
9.	खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2021	कर्नाटक	456
10.	खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2022	उत्तर प्रदेश	509
11.	खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स, 2023	असम, अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, सिक्किम, नागालैंड और त्रिपुरा	382

*****